दैनिक
न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-वास्तु-फीचर

रायगढ़, गुरूवार 04 अप्रैल 2019
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### बच्ची से रेप करने वाले आरोपी को 20 साल की कैद

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के तेलीबांधा इलाके में एक डेढ़ साल की दुधमुंही बच्ची के साथ रेप का प्रयास करने वाले आरोपी को कोर्ट ने 20 साल की सजा सुनाई है।

### डॉक्टरों की पर्चों से लेकर गैस की पर्चियों से भी दिया जा रहा मतदान का संदेश

**मोर रायपुर -वोट रायपुर के तहत गांव-गांव में दिलाई जा रही मतदान की शपथ**

रायपुर (आरएनएस)। लोकसभा निर्वाचन 2019 में अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. बसवराजु एस. के मार्गनिर्देशन में मोर रायपुर-वोट रायपुर अभियान की मुहिम अब रंग लाने लगी है। इस कार्यक्रम से अनेकों शासकीय, निजी तथा स्वयं सेवी संस्थायें जुड़ रही है और अनिवार्य मतदान के संदेश को जन-जन तक पहुंचा रही है। डॉक्टरों की पर्चो से लेकर गैस की पर्चियों तक में अनिवार्य मतदान का संदेश दिया जा रहा है। जिले की सभी ग्राम पंचायत, महाविद्यालयों में अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई जा रही है।

### बस्तर में ऑटिज्म नामक बीमारी ने दी दस्तक

**अपने आप में खोया है बच्चा तो पालक हो जायें सावधान**

जगदलपुर (आरएनएस)। आपका बच्चा यदि अपने आप में खोया हुआ रहता है और किसी से संपर्क नहीं करता तो उसे ऑटिज्म नामक बच्चों की एक गंभीर बीमारी हो सकती है। इस बीमारी में बच्चों का मानसिक विकास प्रभावित होने सहित उसके शरीर की वृद्धि पर भी सबसे ज्यादा खतरा होता है। बस्तर में यह रोग फिलहाल अभी-अभी ही शुरू हुआ है। इस ऑटिज्म रोग से अभी भी बस्तर के लोग परिचित नहीं हुये हैं। अब बस्तर में भी इसके मामले सामने आ रहे हैं, विडंबना यह है कि ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

### जिनका दामाद है कई दिनों से फरार, बताओ जरा कौन है वो ऐसा चौकीदार : भूपेश बघेल

**सीएम श्री बघेल ने नाम लिए बगैर साधा पूर्व सीएम पर निशाना**

रायपुर (आरएनएस)। केन्द्र सरकार पर लगातार शब्दबाण छोड़ने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने ताजा ट्वीट में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पर निशाना साधा है। श्री बघेल ने चौकीदार शब्द को लेकर एक बार फिर से शब्दबाण छोड़ा है।

### नक्सल इलाके में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर रहे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

सुकमा-रायपुर (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर अब मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी स्वयं मैदान में उतर गए हैं। इसी क्रम में राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत साहू आज सुकमा पहुंचे। यहां वे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नक्सल ऑपरेशन से जुड़े अधिकारियों-जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। बैठक पश्चात वे नक्सल प्रभावित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण पर निकल जाएंगे।

### चावल कटौती पर सीएम नाराज : लिखा केन्द्रीय खाद्य मंत्री को पत्र

**कहा, ऐसे निर्णय का क्या अर्थ जिससे लाखों प्रभावित हो रहे हों**

रायपुर (आरएनएस)। केन्द्र सरकार से मिलने वाले सरकारी चावल का आवंटन रोके जाने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री रामविलास पासवान को लिखे पत्र में बताया कि इस निर्णय से राज्य सरकार से अनुदान प्राप्त 471 संस्थाओं के लिए करीब 43640 लोग जिनमें अजा, जजा, अपिव के छात्र, वृद्ध, निराश्रित, निशक्त, कुष्ठरोगी और अनाथ शामिल हैं, बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं।


### नवरात्रि : श्री शिव-शक्ति हनुमान मंदिर में होगी ज्योतिकलश की स्थापना

रायपुर (आरएनएस)। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री शिव-शक्ति हनुमान मंदिर मारूति चौक, मलसाय तालाब, प्रोफेसर कालोनी द्वारा मनोकामना ज्योतिकलश स्थापना और नवरात्रि उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

# राज्य सरकार के सख्त निर्देश - किसी भी हालत में ज्यादा कीमत पर ना बिके शराब

**आबकारी आयुक्त ने वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर की समीक्षा | ओव्हर रेट में शराब बिकने पर प्लेसमेंट एजेंसियों पर होगी कार्रवाई | देशी-विदेशी शराब दुकानों पर आबकारी अधिकारियों की दबिश | रायपुर संभाग में 43 प्रकरण दर्ज**

रायपुर (आरएनएस)। राज्य सरकार ने आबकारी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए हैं कि देशी और विदेशी शराब दुकानों में निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर शराब की बिक्री किसी भी स्थिति में ना होने पाए। इस सिलसिले में आबकारी आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने आज शाम यहां आबकारी भवन में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभाग के विशेष सचिव ए.पी.त्रिपाठी भी मौजूद थे। आबकारी आयुक्त ने कहा कि एक सप्ताह बाद पुनः समीक्षा बैठक ली जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि ओव्हर रेट में



शराब बेचने की शिकायतें मिलने पर त्वरित जांच करते हुए संबंधित प्लेसमेंट एजेंसियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन आबकारी निरीक्षकों और उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र की दुकानों में ज्यादा कीमत पर शराब की बिक्री होगी, उनके खिलाफ भी नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। आबकारी आयुक्त ने कहा कि इसे ध्यान में रखकर ये अधिकारी पूरी गंभीरता से अपने कार्य क्षेत्र की दुकानों की नियमित जांच के साथ-साथ और छापामार शैली में भी जांच अभियान जारी रखें। बैठक में बताया गया कि राज्य सरकार के निर्देशों के अनुरूप वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग द्वारा शराब दुकानों में कीमतों पर नियंत्रण रखने के लिए कड़ी निगरानी की जा रही है। दुकानों की सघन जांच और तेज कर दी गई है। विभागीय अधिकारियों ने बैठक में बताया कि पिछले एक पखवाड़े में रायपुर संभाग के विभिन्न जिलों में देशी और विदेशी शराब दुकानों की छापामार जांच में अधिक कीमत पर मदिरा बेचने के 43 विभागीय प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें संबंधित विक्रेताओं के खिलाफजिला कलेक्टरों के माध्यम से नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। अधिकारी टेस्ट परचेज करते हुए दुकानों की छापामार जांच कर रहे हैं। आबकारी अधिकारियों ने यह भी बताया कि विगत 16 मार्च से 31 मार्च तक आबकारी विभाग के जिला और राज्य स्तरीय उड़नदस्तों के द्वारा इन दुकानों पर ये छापे डाले गए।

## जोगी पार्टी को बड़ा झटका, बसपा ने रायपुर, बिलासपुर एवं कोरबा से भी घोषित किए उम्मीदवार

**रायपुर से खिलेश्वर साहू लड़ेंगे चुनाव**

रायपुर (आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने बुधवार को प्रदेश की 11 लोकसभा सीट में से शेष 3 सीट रायपुर, बिलासपुर और कोरबा से भी अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी। इस तरह अब यह साफ हो गया कि बसपा गठबंधन के बगैर 11 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रही है।

बसपा के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत पोयाम ने आज रायपुर, बिलासपुर और कोरबा के उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। इसके अनुसार रायपुर से खिलेश्वर साहू, बिलासपुर से उत्तम दास गुरू गोसाई एवं कोरबा से परमीत सिंह लोकसभा उम्मीदवार बनाए गए है। इससे पहले बसपा ने 8 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर चुकी है, वहीं इन तीन सीटों पर नाम पर विचार चल रहा था। इधर विधानसभा चुनाव में बसपा से गठबंधन करने वाली जनता कांग्रेस छग जोगी पार्टी अब तक यहीं बयान आ रहा था कि दोनों के बीच गठबंधन बरकरार है और रहेगा। और 8 के बाद इन तीन सीटों पर जनता कांग्रेस अपने दल से उम्मीदवार उतारेगी। जनता कांग्रेस के सुप्रीमो अजीत जोगी ने भी ऐलान किया था कि वे कोरबा सीट से चुनाव लड़ेंगे।

## 4 हजार के नकली नोट के साथ दो गिरफ्तार

सरायपाली (आरएनएस)। ग्राम लंबर के बाजार में नकली नोट खपाते हुए दो आरोपी को पुलिस ने पकड़ा। इनके पास से पुलिस ने 4 हजार रुपए के नकली नोट बरामद किए है। पुलिस ने ओरापियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।




बताया जाता है कि इस मामले का मुख्य सरगना पुलिस के गिरफ्त से बाहर है। पुलिस इसकी तलाश में जुट गई है। थाना प्रभारी ने प्रदीप मिंज बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम लंबर के बाजार में कुछ लोग नकली नोट खपा रहे है। सूचना मिलते ही टीम घटना स्थल पर पहुंची। घेराबंदी कर नकली नोट खपाते हुए बीटांगीपाली के सुनील दास एवं माधोपाली के छत्रमणी साव को पकड़ा। पुलिस ने इनके पास से 500-500 रुपए के 8 नकली नोट बरामद किए। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि इस क्षेत्र में नकली नोट खपाने के लिए बलौदा के मोतीलाल साहू ने दिया है। जिसे लेकर बाजार में खपाने के लिए घूम रहे थे। इधर, आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने मोतीलाल साहू को गिरफ्तार करने घर में दबिश दी, लेकिन वह फरार हो गया था।

## शहर में बड़ा सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

जगदलपुर (आरएनएस)। शहर में चल रहे एक बड़े सेक्स रैकेट का खुलासा हुआ है। मनीषा नामक एक महिला और उसका पति जगदलपुर शहर में बाहर की युवतियों को लाकर देह व्यापार करा रहे थे। इसका खुलासा तब हुआ जब देह व्यापार के लिए जगदलपुर आई एक युवती को मनीषा और उसके पति ने बंधक बनाकर रख लिया, किसी तरह युवती आसपास घूम रहे युवकों को संपर्क कर पुलिस से मदद मांगी, अब पुलिस मनीषा और उसके पति की तलाश में जुट गई है। दरअसल मामला धरमपुरा के तिलक नगर का है। यहां के एक मकान में पिछले 2 दिनों से एक युवती बंद थी.कोलकाता की रहने वाली उक्त युवती के साथ तीन-चार युवतियां यहां पर देह व्यापार करने के लिए लाई गई थी. देह व्यापार चलाने वाली मनीषा नामक महिला इन युवतियों को जगदलपुर लेकर लाई थी बाकी युवतियां तो यहां से निकलने में कामयाब हो गई मगर एक युवती इनकी चंगुल से नहीं निकल पाई. उसे कमरे में बंद कर रखा गया.

पड़ोस के एक युवक के माध्यम से 112 को फोन किया गया जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती को बाहर निकाला.

## खड़ी ट्रक से 5 टन सरिया पार, रिपोर्ट दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। हनुमान लोहा कंपनी के सामने खड़ी ट्रक में लोड 5 टन सरिया चोरी किये जाने की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार खुर्सीपार जिला दुर्ग निवासी उमाशंकर साहू 46 वर्ष पिता स्व. पुरुषोत्तम साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 31 मार्च से 1 मार्च के बीच किसी चोर ने हनुमान मंदिर लोहा कंपनी के सामने सरिया से भरा ट्रक क्रमांक सीजी 04-जेसी/1963 में लोड 5 टन सौ किलो सरिया अनुमानित कीमत 95 हजार रुपये को चोरी कर लिया।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## राज्य सरकार ने वेतन एवं देयकों के तत्काल भुगतान के आदेश जारी किए

रायपुर (आरएनएस)। संयुक्त सचिव वित्त विभाग द्वारा राज्य के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को वेतन देयक तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि वर्ष 2019-20 के वार्षिक बजट की संसूचना जारी की जा चुकी है। सर्वर में बजट में प्रविष्टि की प्रत्याशा में प्रथम माह के वेतन देयक कोषालय में आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा तत्काल प्रस्तुत किए जा सकते हैं, ताकि देयकों का त्वरित गति से निराकरण किया जा सके।

## मैं किसी सवाल से नहीं भागता : भूपेश बघेल

**फेसबुक-ट्वीटर पर शाम 7 बजे से सीएम देंगे लोगों के सभी सवालों का जवाब**

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज शाम 7 बजे से फेसबुक और ट्वीटर पर लाइव उपस्थित रहकर आमजनों के सवालों का जवाब देंगे। इस आशय की जानकारी सीएम श्री बघेल ने स्वयं के ट्वीट एकाउंट में एक पोस्ट करके दी है।

## तीसरे चरण के लिए 55 अभ्यर्थियों ने भरा नामांकन पत्र

**नामांकन के पांचवें दिन सात लोकसभा क्षेत्रों में 35 नामांकन पत्र दाखिल**

रायपुर (आरएनएस)। लोकसभा निर्वाचन के तीसरे चरण के लिए नामांकन के पाँचवे दिन 22 अभ्यर्थियों ने कुल 35 नामांकन पत्र दाखिल किए। इस चरण में प्रदेश के सात लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अब तक 55 अभ्यर्थियों ने 87 नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन के पांचवे दिन तक सबसे अधिक रायपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है वहीं रायगढ़ में आज किसी भी अभ्यर्थी ने नामांकन पत्र नहीं भरा है।




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत साहू ने बताया कि नामांकन के पांचवे दिन मंगलवार को सरगुजा में 2, जाँजगीर में 2, बिलासपुर में 3, कोरबा में 3, दुर्ग में 3 तथा रायपुर में 9 अभ्यर्थी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। तीसरे चरण के लिए प्रत्याशी अपना नामांकन 4 अप्रैल 2019 प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक दाखिल कर सकते हैं। 5 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जाँच होगी। अभ्यर्थी 8 अप्रैल तक नामांकन पत्र वापस ले सकते है।

इस चरण में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, जांजगीर, रायगढ़, कोरबा तथा सरगुजा लोकसभा क्षेत्रों के मतदाता 23 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## गैरेज में लगी आग, डेढ़ लाख का नुकसान

जगदलपुर (आरएनएस)। विकासखंड बकावंड के अंतर्गत सतोसा जाने वाले मार्ग पर बैल चौक के नजदीक एक गैरेज में आग लग गई। इस आग से दुकान के भीतर रखे डेढ़ लाख रूपए के सामान जलकर खाक हो गए हैं। गैरेज संचालक ने इस दुकान को किराए पर लिया था। रात को किसी ने इस दुकान के भीतर से धुंआ उठता देखा तो शोर मचाया। इसके बाद गैरेज मालिक बामन लाल साहू को सूचना दिया गया। करपावंड थाना स्टाफ भी मौके पर पहुंचे थे।



## शाहीर शेख बेहद मददगार सह कलाकार : रिया शर्मा

अभिनेत्री रिया शर्मा का कहना है ये रिश्ते हैं प्यार के के उनके सह-कलाकार शाहीर शेख बेहद ही मददगार और उत्साह बढ़ाने वाले हैं।



सह-कलाकार के रूप में उनकी कैमिस्ट्री के बारे में बात करते हुए रिया ने एक बयान में कहा, मैंने उन्हें पहली बार टीवी पर नव्या.नए धड़कन नए सवाल शो में देखा था और मुझे उनका किरदार बहुत पसंद आया था।

उन्होंने कहा, मैं उनके जैसे प्रतिभाशाली कलाकार के साथ काम करने को लेकर खुद को बहुत ही भाग्यशाली मानती हूं। बतौर सह-कलाकार वह बेहद मददगार और प्रोत्साहक हैं और हमने शूटिंग के दौरान बहुत मजे किए। स्टारप्लस के इस शो में ऑनस्क्रीन जोड़े के बीच प्यार भरे क्षणों को दिखाया गया है।

## नई फिल्म में अपना बाइकर अवतार दिखाएंगे जॉन अब्राहम



जॉन अब्राहम निर्देशक रॅसिल डिसिल्वा की आगामी फिल्म में एक बार फिर दर्शकों को अपना बाइकर अवतार दिखाने के लिए तैयार हैं। फिल्म के नाम की घोषणा फिलहाल नहीं की गई है। जॉन ने बुधवार को कहा कि उनकी इस फिल्म की कहानी बाइक्स के इर्द-गिर्द घूमती है और इसके लिए उन्होंने निर्माता अजय कपूर और डिसिल्वा के साथ हाथ मिलाया है।

जॉन ने ट्वीट कर कहा, एक कहानी, जो मेरे दिल के काफी करीब है। इस सफर की शुरुआत के लिए उत्साहित हूं।

फिल्म की शूटिंग जुलाई से शुरू होगी। डिसिल्वा ने वादा किया है कि फिल्म रोमांच से भरपूर होगी।

जॉन ने इससे पहले फिल्म धूम में बाइक्स के लिए अपने जुनून को दर्शाया था।

उन्होंने एक बयान में कहा, यह कहानी मानवीय रिश्तों के बारे में है। मैंने दो साल पहले राइडर्स और बाइक्स के प्रति उनके प्यार पर फिल्म बनाने का फैसला किया था। उसके बाद से इस विषय पर बहुत सी रिसर्च और वक्त लगाया गया।

इसी के साथ जॉन अगले महीने अपनी फिल्म रोमियो अकबर वॉल्टर की रिलीज की तैयारी में जुटे हुए हैं।

## एक था टाइगर के तीसरे संस्करण में भी काम करेंगी कैटरीना

बॉलीवुड की बार्बी गर्ल कैटरीना कैफ सुपरहिट फिल्म एक था टाइगर के तीसरे संस्करण में भी सलमान खान के साथ काम करती नजर आ सकती है।



कैटरीना कैफ इन दिनों सलमान खान के साथ फिल्म भारत में काम कर रही हैं। सलमान और कैटरीना की जोड़ी बॉक्स ऑफिस पर अब तक कई सुपरहिट फिल्में दे चुकी है। कहा जाता है कि सलमान ,कैटरीना को अपना लकी चार्म मानते हैं। चर्चा है कि कैटरीना को एक था टाइगर के अगले पार्ट के लिए कास्ट कर लिया गया है।

सलमान खान की फिल्म एक था टाइगर और टाइगर जिंदा है में भी कैटरीना ने ही फीमेल लीड रोल प्ले किया था। दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की और अब देखना होगा कि तीसरी फिल्म का परफॉर्मेंस कैसा रहता है।सलमान-कटरीना स्टारर फिल्म भारत दक्षिण कोरियाई फिल्म ओड टु माय फादर की हिंदी रीमेक है।

फिल्म में दिशा पाटनी भी अहम किरदार निभाती नजर आएंगी।यह फिल्म इसी साल 05 जून रिलीज होगी।

## कंधे में रहता है लगातार दर्द तो करें ये खास आसन, जल्द होगा फायदा

ऑफिस में डेस्क जॉब होने के कारण कई बार लगातार बैठे-बैठे पीठ दर्द और ऐंठन की समस्या आ जाती है. कई घंटे एक ही पॉश्चर में बैठे रहने के कारण कमर जकड़ जाती है. ऐसे लोग बहुत कम होंगे जो पूरे दिन अपनी रीढ़ के सीधे रख पाते होंगे, नतीजा ऐंठन का समस्या. इसी के साथ पैरों का सुन्न हो जाना और जॉइन्ट्स पेन भी बहुत ज्यादा होता है. मार्जरी आसन के नियमित अभ्यास से गर्दन, कंधे और पीठ में लचीलापन आता है. इन समस्याओं के लिए मार्जरासन आसन काफी लाभदायक है. यह मासिक धर्म के दौरान पैरों और जांघों में जकड़न के लिए भी इसे करना गुणकारी हो सकता है.



**कैसे करें :**

*जमीन पर चटाई बिछा लीजिए और उस पर अपने घुटने टेक लीजिए.

*आगे से झुकें और अपने हाथों को भी ज़मीन पर जमा लें, बिल्कुल ऐसे ही जैसे की कोई बच्चा क्रॉल करना शुरू करता है.

*इसी मुद्रा में अपनी बाजू और जांघों को सीधा रखें.

*गहरी सांस लें, अपनी पीठ को अंदर की तरफ दबाएं और ऊपर देखें.

*इस मुद्रा में 3 सेकंड तक रहें. सांस छोड़ें, पीठ को ऊपर उठाएं और पेट को सिकुड़ने दें.

*आप अब ऊपर नहीं, बल्कि सिर झुक कर अपने साइज की ओर देख रही हैं. इस मुद्रा में 3 सेकंड तक रहें.

*अब वापस उसी मुद्रा में आ जाएं, जहां से शुरुआत की थी.

*ऐसा 10 बार दोहराएं.